## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अस्पताल में सवास्थ्य सेवायें वर्तमान में उतर रही पटरी से

**जिम्मेदार कौन**

## छह सौ मरीजों की हर रोज ओपीडी होती है

नेपाल व बागेश्वर से काफी तादात में बीमार रोगी इलाज के लिए आते है

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। जिला अस्पताल में इलाज के लिए सीमांत जनपद पिथौरागढ़ से नही बल्कि चंपावत पड़ोसी देश नेपाल व बागेश्वर से काफी तादात में बीमार रोगी इलाज के लिए आते है। वही हालात इतने खराब हो चुके है कि संसाधनों व चिकित्सकों की कमी के चलते वर्तमान में अस्पताल में बीमारी से कराह रहे मरीजों को अपना इलाज बरामदे व गैलरी में बैड में भर्ती होकर कराना पड़ रहा है। जिले के सबसे बड़े अस्पताल में वर्तमान दो हजार तक के मरीज इलाज के लिए आते है।

वही छह सौ मरीजों की हर रोज ओपीडी होती है। चार सौ मरीज नियमित दवा और जांचों के लिए



जिला अस्पताल में आते है। जिले के सबसे बडे अस्पताल में एक सौ बीस बेड है। मगर हालात यह है कि एक सौ बीस बेड वाले जिले के सबसे बडे अस्पताल में संसाधनों की कमी ने बीमारी से कराह रहे मरीजों को भर्ती होने के लिए या तो बरामदे में या गैलरियों में बेड लेकर इलाज कराना पड़ रहा है। अस्पताल के आगे मरीजों की लंबी कतार देखकर कई तो इलाज के लिए आने वाले मरीज डाक्टर के कमरे के आगे भीड़ देखकर वापस भी लौटने को मजबूर हो रहे है। गंभीर रोग से ग्रसित मरीज को डाक्टर हाथ लगाने कतराते हुए देखे जा सकते है। वही उन्हें रेफर करने में आसानी लगती है तो उन्हें डाक्टरों द्वारा रेफर करने के मामले आये दिन सामने आते रहते है। जिले के अस्पताल में सवास्थ सेवायें वर्तमान में पटरी से खासी उतरती नजर आ रही है।

वही हालात इतने बद्दतर हो चुके है कि जिले में हो रही बारिश से अब ठंड बढ़ने लगी है ऐसे में बरामदे में शयया लगाकर सो रहे मरीजों के साथ दिक्कतें बढ़नी संभव है। जिला अस्पताल में लंबे समय से बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए डांक्टरों की पहले से खासी कमी चल रही है। वही ऐसे में तय समय व मौजूदा हालात में अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों को हायर सेंटर भेज दिया जा रहा है।

इस मामले पर प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल के सी भट्ट ने भी माना है कि अस्पताल में मरीजों की तादात रोजाना बढ़ रही है। अस्पताल प्रबंधन के पास बेडों की खासी कमी बरकरार बनी हुई है। वही ऐसे में मरीजों को बरामदे व गैलरियों में भर्ती करना पड़ रहा है।

## न्यूज डायरी

### वोटर लिस्ट मे नाम दर्ज करने की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर से 30 सितंबर तक करें

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल,प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने एक सयुंक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जनपद की जागरुक जनता से अपील की है कि वह अपने 18 वर्ष के बच्चों के वोट जरूर बनवाये क्यूंकि मतदान करना सभी नागरिकों का अधिकार और कर्तव्य भी है। स्मरण रहे कि निर्वाचन विभाग द्वारा वोटर लिस्ट मे नाम दर्ज करने हेतू सभी पोलिंग बूथों पर बी एल ओ तेनात हें। डंडरियाल और वारसी ने सरकार से मांग की हे कि वो वोटर लिस्ट मे नाम दर्ज करने की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर से 30 सितंबर तक करे जिससे सभी लोग तक ये बात पहुंच सके और ज्यदा से ज्यादा लोग समय रह्ते हुये अपना नाम वोटर लिस्ट मे नाम दर्ज करा सकें।

### विवि में सात से लगेगा कृषि कुंभ मेला

**संवाददाता** पंतनगर। जीबी पंत विवि के कुलपति डाक्टर तेज प्रताप ने शनिवार को तराई भवन में सभी अधिष्ठाताओं, निदेशकों व अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सात अक्टूबर से कृषि कुंभ मेला लगाने का निर्णय लिया गया है। जो चार दिन तक चलेगा। हालांकि कोरोना काल की वजह से मेला लगाने की अनुमति जिला प्रशासन से लेनी है। अनुमति के बाद ही मेला लगेगा। रबी व खरीफ फसल को ध्यान में रखकर हर साल दो बार पंत विवि की ओर से कृषि कुंभ मेला लगाया जाता है। तराई भवन में शनिवार को हुई बैठक में मेले को लेकर गहन मंथन किया गया। रबी फसल के लिए सात से 10 अक्टूबर तक मेले का आयोजन होगा। हालांकि किसान एक से 20 अक्टूबर तक बीज विवि से क्रय कर सकते हैं। मेले में कृषि महाविद्यालय, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, प्रौद्योगिक महाविद्यालय, गृह विज्ञान महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के साथ अन्य स्टाल लगाए जाएंगे।

### ईएमएफ रेडियेशन पर ऑनलाईन जागरुकता के सत्र का किया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तर प्रदेश (पश्चिम) की उत्तराखंड इकाई, एलएसए ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान राज्य भर में 124 दूरसंचार टावरों और 652 बीटीएस का ईएमएफ परीक्षण किया है और ये सभी भारतीय ईएमएफ मानदंडों के अनुरूप पाए गए हैं दूरसंचार विभाग की उत्तराखंड फील्ड यूनिट ने 10 सितंबर, 2021 को 'ईएमएफ रेडियेशन पर जागरुकता कार्यशाला' का आयोजन किया। इस सत्र का आयोजन दूरसंचार विभाग के जन समर्थन कार्यक्रम के तहत किया गया था ताकि विश्वसनीय वैज्ञानिक प्रमाण प्रस्तुत कर ईएमएफ रेडियेशन से जुड़ी भ्रांतियों और नागरिकों के बेबुनियाद डर को दूर किया जा सके।

## जन विकास सहकारी समिति के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड जन विकास सहकारी समिति के संस्थापक सदस्यों ने उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की। इस अवसर पर उत्तराखंड जन विकास सहकारी समिति के अध्यक्ष संजय उनियाल, उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह भंडारी एवं सचिव जगदीश भट्ट उपस्थित रहे।

उत्तराखंड जन विकास सहकारी समिति के सदस्यों ने माननीय कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी को अवगत कराया कि सहकारी समिति का मुख्य उद्देश उत्तराखंड के उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर ले जाना एवं उनको पहचान दिलाना है। इस संस्था के माध्यम से उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में लघु एवं कुटीर उद्योगों को लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा साथ ही साथ स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सभी स्टार्टअपस, एसएमई और एमएसएमई से जुड़े हुए लोगों को अपनी सदस्यता देकर स्वरोजगार और उत्तराखंड के समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

उत्तराखंड जन विकास सहकारी समिति के द्वारा कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को अवगत कराया गया कि अगले महीना अक्टूबर 2021 में समिति द्वारा एक बड़ा आयोजन देहरादून में किया जा रहा है एव इस अवसर पर देश और पहाड़ में काम कर रहे उद्यमियों, परंपरागत उद्योगों को चला रहे लघु उद्यमियों, कुटीर–उद्योग चला रहे लोगों, स्वरोजगार कर रहे युवाओं एवं विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जा रहा रहा है। पहाड़ में योजनाओं से युवाओं को स्वरोजगार के लिये भी प्रोत्साहित करना भी है।



## रैथल में ग्रामीणों ने धूमधाम से मनाया सेलकु मेला

**संवाददाता** उत्तरकाशी। रैथल में शुक्रवार व शनिवार को पारंपरिक सेलकु मेले में ऊंचे बुग्यालों से लाए गए ब्रह्मकमल समेत विभिन्न प्रजातियों के फूलों को आराध्य देवता समेश्वर को अर्पित कर ग्रामीण रासौ तांदी के साथ सेलकु पर्व के उल्लास में झूमे। दो दिन तक चले प्रकृति, लोक देवताओं और ग्रामीणों के इस साझा उत्सव में आस पास के आए ग्रामीणों ने भी शिरकत की। शुक्रवार को रैथल गांव में सेलकु पर्व में बुग्यालों से लाए गए फूलों की चादर पंचायती चौक में बिछाई गई। इसके ऊपर से क्षेत्र के आराध्य समेश्वर देवता की डोली गुजरने के बाद इन फूलों को ग्रामीण प्रसाद स्वरूप घर लेकर गए। वहीं, सेलकु मेले में ग्रामीणों ने पारंपरिक रासौं तांदी का भी आयोजन किया। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने फूलों के इस अनूठे उत्सव के साथ ही आराध्य देवता समेश्वर से भी सुख शांति की प्रार्थना की। दरअसल सेलकु सर्दियों की दस्तक का स्वागत और हरियाली को विदाई देने का ऐसा ही अनूठा त्यौहार है।

# पहाड़ों की रानी मसूरी में वीकेंड पर फिर उमड़े पर्यटक सैलाब

लगा 2 किमी लंबा जाम, जिलाधिकारी और एसएसपी ने लिया जायजा

**संवाददाता** मसूरी। पहाड़ों की रानी मसूरी में वीकेंड पर एक बार फिर पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा है। आलम ये है कि मसूरी–देहरादून मार्ग पर कुठाल गेट पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। दोपहर से लगातार यही स्थिति बनी रही। वहीं, जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मजेय खंडूरी ने मसूरी बाजार का निरीक्षण कर कोविड गाइडलाइन की स्थिति का जायजा लिया। बता दें कि पर्यटकों की संख्या बढ़ने और कोविड प्रोटोकाल का पालन कराए जाने से जाम की स्थिति पैदा हो रही है।

पहाड़ों की रानी मसूरी हमेशा से ही पर्यटकों की पहली पसंद रहा है। ये एक प्रसिद्ध हिल स्टेशन है, जहां का पर्यटक बड़ी संख्या में रुख करते हैं। इस वीकेंड भी शनिवार सुबह से ही काफी संख्या में पर्यटक मसूरी पहुंचने लगे। आलम ये रहा कि कुठालगेट से आगे निकलते ही उन्हें घंटों जाम झेलना पड़ा। यहां रुक–रुक कर जाम लगता रहा। जाम लगने का एक मुख्य कारण कोविड प्रोटोकाल का पालन करना भी था।

वहीं, जिलाधिकारी आर राजेश कुमार और एसएसपी जन्मजेय खंडूरी भी हालातों का जायजा लेने पहुंचे। वे लाइब्रेरी से माल रोड के पैदल भ्रमण पर निकले। उनके साथ एसडीएम मसूरी मनीष कुमार, अन्य अधीनस्थ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी साथ में रहे। दरअसल, वीकेंड पर मसूरी में उन्हीं पर्यटकों को प्रवेश मिल रहा है, जिनके पास पुरानी कोरोना की निगेटिव रिपोर्ट होगी। इसके साथ ही अधिकतम 15 हजार व्यक्तियों को ही प्रवेश देने की व्यवस्था है, जिससे कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के नियमों का पालन कराया जा सके। ऐसे में वीकेंड पर मसूरी आने वालों को कुठाल गेट पर आरटी–पीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट दिखानी पड़ रही है, जिसमें थोड़ा समय भी लग रहा है। जाम का एक कारण ये भी माना जा रहा है।

## कांग्रेस छोड़ आम आदमी पार्टी के हुए नंदलाल

**संवाददाता** काशीपुर। कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए नंदलाल का शनिवार को काशीपुर के रामनगर रोड स्थित पार्टी कार्यालय में पहुंचने पर आप कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर नंदलाल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के उत्तराखंड नव निर्माण संकल्प से प्रभावित होकर वें आम आदमी पार्टी में आए हैं।

जनता और राजनीतिक लोगों को जनसेवक बनकर और जनता के द्वार जाकर जनता की जो सेवा करनी चाहिए वह काम केवल आम आदमी पार्टी कर रही है। नंदलाल कांग्रेस में प्रदेश सचिव थे और उन्होंने रुद्रपुर नगर निगम से कांग्रेस के टिकट पर मेयर का चुनाव लड़ कर 35000 वोट लिए थे और दूसरे नंबर पर रहे थे। उन्हें 2 दिन पूर्व दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पार्टी की टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई है । नंदलाल ने कहा कि मेरी महत्वाकांक्षा विधायक का चुनाव लड़ना नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचा कर जनता की सेवा करना है।